## खबर संक्षेप



### पैकारियां और अवैध रेत उत्खनन बंद करने सौंपा ज्ञापन

**सिलौंडी।** जिले में प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री उदय प्रताप राव सिंह को सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ने पत्र सौंपकर सिलौंडी में चल रही अवैध शराब पैकारी और अवैध रेत उत्खनन बंद कराने पत्र सौंपा है। प्रभारी मंत्री से चर्चा में मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ने बताया कि जब से मैं मंडल अध्यक्ष नियुक्त हुआ तब से लगातार क्षेत्र में चल रही अवैध शराब पैकारी बंद कराने आबकारी विभाग को पत्राचार कर रहा हूं। आबकारी विभाग छोटा छोटा केस बनाकर अवैध शराब पैकारी को बंद कराने में निष्क्रिय दिख रहा है। पूरे क्षेत्र में दिन रात अवैध रेत उत्खनन से जनता परेशान है। बार बार शिकायत के बाद भी अवैध रेत उत्खनन बंद नही हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने तुरंत उच्च अधिकारियों को समस्या का समाधान करने निर्देशित किया है।

### अजीत सिंह पहुँचे कटनी, सदस्यों ने किया स्वागत

**कटनी।** मप्र जन अभियान परिषद शासी निकाय के सदस्य अजीत सिंह नैय्यर रविवार को अल्प प्रवास पर कटनी पहुंचे। सर्किट हाउस में सदस्यों ने उनका स्वागत किया और परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। अजीत सिंह शासन की संस्कृति विभाग अंतर्गत संबद्ध पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल एवं श्रीगुरु सिंह सभा कटनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैसाखी मेला में उपस्थित होने के लिए कटनी पहुंचे। अजीत सिंह ने सभी का परिचय प्राप्त करते हुए परिषद द्वारा वर्तमान में किये जा रहे कार्यों के साथ-साथ जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी से किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परिषद के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रभारी मंत्री ने विधायक के निवास पहुंचकर व्यक्त किया शोक

**कटनी।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार को यहां मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के बरही रोड स्थित आवास पहुंचकर, उनकी माता श्रीमती सरोज जायसवाल के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक व्यक्त किया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परम पिता परमेश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती सरोज जायसवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

### धरे गए दो सटोरिये

**कटनी।** आईपीएल सट्टा में दांव लगा रहे दो सटोरियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है जबकि आईडी उपलब्ध करवाने वाला आरोपी फरार हो गया है। मामले में अंश सोंधिया निवासी कटनी को मोबाइल व नकद 100 रुपए के साथ पकड़ा है। मास्टर आईडी प्रोवाइड करवाने वाला बाबू चांदवानी निवासी नईबस्ती फरार है। दूसरे मामले में कोतवाली थाना अंतर्गत मुड़वारा स्टेशन के बाहर शासन निसेक सोनकर निवासी जबलपुर को मोबाइल, कार व 700 रुपए के साथ पकड़ा। साथी दीपक राठौर निवासी बड़ी ओमती को नोटिस दिया गया है। जबलपुर से क्रिकेट सट्टा खिलाने कटनी आया था।

---

### कटनी विकास प्राधिकरण के गठन का जनता को नहीं मिला कोई खास लाभ

# डेढ़ दशक का समय बीत जाने के बाद भी अधर में लटकी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में कटनी विकास प्राधिकरण का गठन किया गया लेकिन करीब डेढ दशक गुजर जाने के बाद भी जनता को कोई खास लाभ नहीं मिल सका। इसके इतर अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित कार्यालय में लाखों रूपए फूंके जा चुके हैं। कटनी विकास प्राधिकारण द्वारा कई योजनाएं तैयार की गई हैं लेकिन आज तक कोई भी योजना धरातल पर मूर्तरूप नहीं ले पाई। दूसरी ओर शहर व उप नगरीय क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा कालोनियों का निर्माण करा तगड़ा मुनाफा कमाया जा रहा है। बीते वर्ष बैठक में कलेक्टर द्वारा झिंझरी आवासीय योजना सहित केडीए की अन्य योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये गए थे।

झिंझरी आवासीय योजना के प्रथम चरण में 6.31 हेक्टेयर में बनी योजना के लिए जबलपुर विकास प्राधिकरण से राशि उधार लेकर कटनी विकास प्राधिकरण ने नगरनिगम को कॉलोनी विकास अनुज्ञा प्रदान करने के लिए अनुज्ञा शुल्क, आश्रय शुल्क, श्रमिक उपकर, पर्यवेक्षण आदि के मद मे 47 लाख 19 हजार 622 रुपए व प्रापर्टी टैक्स 26 लाख में से 9 लाख रुपए का भुगतान भी किया गया। अफसरों का कहना है कि झिंझरी आवासीय योजना एक की रेरा पंजीयन कार्रवाई प्रचलन में है। कटनी विकास प्राधिकरण द्वारा जबलपुर के कंस्लटेंट से डीपीआर तैयार कराई जाएगी और नियमानुसार जमीनों का विक्रय शुरू होगा।




#### कालोनी विकास की रूपरेखा

जानकारी के अनुसार झिंझरी में 29,65,475 स्क्वायरमीटर में आवासीय कालोनी विकसित होगी। इसमें करीब 220 प्लाट बेचे जाएंगे। इनमें से 27 प्लाट गरीबी रेखा के नीचे वालों को आरक्षित किए जाएंगे। 1353.91 स्क्वायरमीटर कॉलोनी में खुली जगह छोड़ी जाएगी। 24796.81 स्क्वायर मीटर में सर्कुलेशन वर्क होगा। 726.90 स्क्वायरमीटर जमीन में सर्विस का काम होगा तथा 11 प्लाटों पर एलआइजी भवनों का निर्माण किया जाएगा।

केडीए द्वारा पूर्व में भी योजनाएं बनाई गई थी जो कि आज तक ठप पड़ी हुई हैं। वर्ष 2013 में केडीए को बरगवां में 3.442 हैक्टेयर भूमि का आवंटन योजनाओं के क्रियान्यवन के लिए किया गया था। वर्ष 2021 में केडीए ने नगर विकास स्कीम क्रमांक-2 तैयार कर सूचना का प्रकाशन किया। सूचना प्रकाशन में ही अफसरों को 8 वर्ष लग गए। योजना अबतक सिर्फ सिर्फ सूचना का प्रकाशन ही हुआ है। बजट का आभाव होने के कारण योजना अबतक ठप पड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि संभवतः योजना को सरेंडर कर दिया गया है।

---



## सुरम्य पार्क में श्रमदान कर की गई जलस्रोतों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर के विभिन्न स्थानों पर निरंतर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व सामूहिक रूप से श्रमदान कर इनके संरक्षण की गतिविधियां निगम प्रशाशन द्वारा आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में स्वच्छ सरोवर थीमेटिक ड्राइव एवं निर्मल जल अभियान के तहत रविवार को निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में वर्षा जल के संचयन और संवर्धन हेतु कटाएघाट स्थित सुरम्य पार्क में सामूहिक श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य किया गया। अभियान के दौरान पार्क स्थित बोटिंग स्थल पर निर्मित जलकुंड, तालाब सहित आसपास के अन्य जलस्रोतों में व्याप्त कचरे एवं खरपतवार की सफाई की जाकर सूखे एवं गीले कचरे को पृथक पृथक एकत्रित कर नगरवासियों को जल के संरक्षण और संवर्धन के साथ साथ जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन का संदेश दिया।

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के प्रति अपने जिम्मेदारियों और कर्तव्य का पालन करने की बात कही।

---

**सवारी बैठाने के लिए यहां वहां खड़े रहते हैं आटो एवं ई रिक्शा**

## स्टेशन के प्रवेश द्वार में बेतरतीब ढंग से वाहन की कतार से यात्री होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन में चौबीसों घंटे यात्री ट्रेनों की आवाजाही का सिलसिला बना रहता है। इस वजह से यहां यात्रियों की भीड़ बनी रहती है। स्टेशन होने के चलते यह क्षेत्र यातायात की दृष्टि से अति व्यस्त रहता है लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर अव्यवस्थाएं हावी हैं। दरअसल रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहनों के लिए स्थान निर्धारित किया गया है बावजूद इसके स्टेशन के बाहर प्रवेश द्वार पर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर वाहनों को खड़ा किए जाने से यात्रियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्टेशन के बाहर वाहन चालकों की मनमानी रोकने के लिए कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है। यही वजह है वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं।



रेलवे स्टेशन के बाहर सबसे अधिक परेशानी सुबह के समय होती है। इस समय यात्री ट्रेनों का दबाव अधिक रहता है। प्लेटफार्म में यात्री ट्रेन से उतरने के बाद स्टेशन के बाहर आते हैं तो वहां पर ऑटो व ई रिक्शा चालक जाम लगाए खड़े रहते हैं। ऑटो रिक्शा के कारण यात्रियों को निकलने में परेशानी होती है। इसके अलावा शाम के समय भी इसी तरह की परेशानी होती है। सवारियों की लालच में ऑटो रिक्शा चालक स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास ही ऑटो रिक्शा खड़ा कर देते हैं।

स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र में आरपीएफ कर्मियों की ड्यूटी तब लगाई जाती है जब कोई रेलवे के अधिकारी स्टेशन का निरीक्षण करने आते हैं। निरीक्षण के बाद आरपीएफ कर्मियों को स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र से हटा दिया जाता है। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान स्टेशन के बाहर वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा कराया जाता है, लेकिन जैसे ही अधिकारी निरीक्षण कर वापस जाते हैं दोबारा से व्यवस्था जस की तस हो जाती है। स्टेशन के बाहर प्रवेश द्वार पर चार पहिया वाहन से लेकर आटो रिक्शा खड़े होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

**पुस्तक मेले में पहुंचे प्रभारी मंत्री ने प्रमाण पत्र किये वितरित**




प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह रविवार को अल्प प्रवास पर कटनी पहुंचे। यहां भाजपा नेताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सर्किट हाउस में मंत्री ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मंत्री उदय प्रताप सिंह साधुराम स्कूल में आयोजित पुस्तक मेले में भी पहुंचे, जो 16 अप्रैल से चल रहा है। यहां उन्होंने सामाजिक कार्यों में सक्रिय नागरिकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया हमारे लिए यह गर्व की बात है कि केरल के बाद मध्यप्रदेश का कटनी जिला ऐसा स्थान है, जहां इतने वृहद स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है। यहां हमें हमारी संस्कृति और साहित्य को संजोने वाली पुस्तकें मिल रही हैं, जो हमें समाज से जोड़ने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करती हैं। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं इस आयोजन का हिस्सा बन सका।

---

## शहर से लेकर ग्रामीण मार्गों तक में आवारा मवेशियों से होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर से लेकर ग्रामीण मार्गों में आवारा मवेशियों की वजह से न सिर्फ वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं बल्कि कई बार भारी वाहनों की चपेट में आने से मवेशी की भी मौत हो जाती है। जिले में हादसों के मामले बढ़ रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद भी दुर्घटनाओं में आये दिन किसी न किसी की जान जा रही है। कभी लापरवाही तो कभी अन्य कारणों के चलते वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं। हादसों की प्रमुख वजहों में से एक सड़कों में मवेशियों का डेरा भी शामिल है। अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जात हैं।

ग्रामीण मार्गों में मवेशी सड़कों पर इस तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जता है। सड़कों में जगह-जगह पर 8 से 10 या इससे भी अधिक मवेशी झुंड बनाकर एकजुट रहते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। दुर्भाग्य है कि सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन भी दे रहा है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि जनता स्वयं संभलकर चलें। तहसील और पुलिस प्रशासन का भी ध्यान इस ओर नहीं है। ऐसे में मवेशियों के साथ-साथ सड़कों के किनारे कई जगह ठेले-खोमचे, वाहनों को यत्र-तत्र खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है। प्रशासन सार्थक प्रयास नहीं करता है तो वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

बीच सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के साथ होने वाली दुर्घटना में सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। कई बार मवेशी अचानक से सड़क पर आ जाते हैं जिससे चालक अनियंत्रित हो जाते हैं।

---

**कंट्रोल रूम के साथ ही कर्मचारियों को सौंपा गया है दायित्व**

## भीषण गर्मी में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट और जलजनित बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-225752 है। जिला स्तरीय प्रकोष्ठ प्रभारी एस.एन.पाल अनुरेखक प्रकोष्ठ प्रभारी, सुनीता द्विवेदी रजिस्टर प्रभारी, विवेक कुमार सिंह एवं विनय त्रिपाठी को बनाया गया है।

ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं का सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, साकेत सुहाने, सहायक उपयंत्री साथ ही मधु भलावी उप यंत्री कटनी, अमर सिंह गहरवार उपयंत्री रीठी, राजेन्द्र कुमार खरे हैण्डपम्प तकनीशियन कटनी, प्रिया कोरी विकासखण्ड समन्वयक कटनी, लक्ष्मण बुनकर विकासखण्ड समन्वयक रीठी से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है। जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में दिनेश कुमार इनवाती प्रभारी सहायक यंत्री, अजय कुमार शर्मा, उपयंत्री बड़वारा, बृजेश निगम विजयराघवगढ़ से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।



उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में विकल्प पटेल, सहायक उपयंत्री, अनिल चुमलके उपयंत्री बहोरीबंद, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में शेखर सेन उपयंत्री, सत्यप्रकाश हल्दकार विकासखण्ड समन्वयक ढीमरखेड़ा, रजनीश कोरी हैण्डपम्प मेकैनिक बहोरीबंद से संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है एवं जिले की शिकायत हेतु कार्यपालन यंत्री खण्ड कटनी एवं जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 07622-225752 में सम्पर्क किया जा सकता है।

---

**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रमदान कर की सफाई कार्य की शुरूआत**

## प्रभारी मंत्री ने किया धर्मसागर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत लखापतेरी के ग्राम पड़ुआ स्थित करीब एक हजार वर्ष प्राचीन तालाब धर्मसागर के 50 लाख 16 हजार रूपये की लागत से होने वाले साफ-सफाई, मेढ़ सुदृढ़ीकरण, पार्क निर्माण और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम सहित सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, डीएफओ गौरव शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और सरपंच रेखा पटेल, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह मौजूद रहे।



प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जल को बचाने और इसके संवर्धन की महती आवश्यकता को महसूस करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 3 महीने तक अनवरत चलने वाले प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। पानी को सहेजने और बचाने के इस नेक और पुण्य कार्य के लिए आप सब इकट्ठे हुए हैं। आप सब के सहयोग से धर्मसागर तालाब सौंदर्यीकरण के बाद व्यवस्थित, भव्य तथा और भी सुंदर तालाब बनेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने ग्राम पड़ुआ के खेल मैदान में बाउंड्री वाल बनाने की भी घोषणा की।

#### धर्मसागर तालाब सौंदर्यीकरण

करीब 945 ईसवी में बना पड़ुआ का प्राचीन धर्मसागर तालाब का क्षेत्रफल 13.26 हेक्टेयर है। तालाब का कैचमेंट क्षमता 3.20 लाख घनमीटर अनुमानित है। वर्तमान में पानी से लबालब भरे धर्मसागर तालाब का उपयोग ग्रामीणों द्वारा निस्तार, पशुओं के पीने के लिए पानी और मछली पालन के लिए किया जाता है। इस तालाब के कारण समूचे क्षेत्र का भू-जल स्तर भी अच्छा है। धर्मसागर तालाब में तालाब की मेढ़ सुदृढ़ीकरण कार्य मनरेगा मद से 9.50 लाख रूपये की लागत से, रोडसाइड सुरक्षा हेतु रेलिंग बनाने 2.50 लाख रूपये की लागत से डीएमएफ मद से और 15 वें वित्त आयोग मद से सामुदायिक पार्क निर्माण हेतु 6 लाख रूपये और मनरेगा योजनांतर्गत मेढ़ में वृक्षारोपण हेतु एक लाख रूपये इसी प्रकार महिला चेंजिंग रूम 2 नग पांचवे वित्त आयोग के एक लाख रूपये की लागत से तथा 15वें वित्त से तालाब घाट मंदिर के पास 25 हजार रूपये की लागत से विसर्जन कुंड और 4.50 लाख रूपये की लागत से तालाब घाट मरम्मत और घाटों की पुताई एवं विद्युतीकरण कार्य कराया जायेगा।

इसके अलावा 25 हजार रूपये की जनभागीदारी मद से तालाब की सफाई भी कराई जायेगी।

---

## जिजनौड़ी में ग्रामवासियों ने श्रमदान कर की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्षा जल के संरक्षण और संवर्धन हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम जिजनौडी में ग्राम वासियों एवं छात्राओं ने घाट में श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य किया गया। विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम जिजनौडी में तालाब के घाट में श्रमदान कर निकले हुए कचरे को मानव श्रृंखला बनाकर तालाब के बाहर निकला गया और आसपास की झड़ी जानकारी को काटकर साफ सफाई की गई। अभियान के दौरान पानी में फैली खरपतवार, घास कूड़े कचरे की सफाई की गई। और ग्राम वासियों को संगोष्ठी के माध्यम से घाट साफ सुथरा उपयोग करने योग्य रखने की बात कही गई। जिसपर ग्राम वासियों ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए जिजनौडी स्थित घाट को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया। विजयराघवगढ़ के विभिन्न ग्रामों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों नदी, तालाब, कुओं और बावड़ियों की श्रमदान से साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य नियमित रूप से जारी है, जिसमें मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल संवर्धन के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतों का रखरखाव और संवर्धन करने की दृष्टि से जन भागीदारी को बढ़ावा मिले और जन समुदाय अपने आने वाले कल के लिए जल को सुरक्षित कर सके, और पानी के उचित रखरखाव और बचत के लिए उनके व्यवहार में परिवर्तन हो।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग ठिकानों से अवैध शराब की जब्त

**कटनी।** रीठी थाना की सलैया चौकी पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने एवं कार्यवाही करने के वरिष्ठ अधिकारियों निर्देशन तथा रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे के मार्गदर्शन में सलैया चौकी पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। गत दिवस ग्राम नया खेड़ा में कार्यवाही करते हुए 29 वर्षीय सुशील तथा रामकुमार पटेल को 20 पाव देसी शराब सहित गिरफ्तार किया गया, ग्राम बड़गांव में 48 वर्षीय चिरौजी लाल पिता बाहोय कुम्हार को 20 पाव देसी शराब एवं ग्राम लाटपहाड़ी में 34 वर्षीय महेश पिता राम प्रसाद पटेल को 18 पाव अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए तीनों ही आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई। कार्यवाही में चौकी प्रभारी एएसआई विनोद पांडे, प्रधान आरक्षक रत्नेश तिवारी की भूमिका रही।

### सालों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को पकड़ा



**कटनी।** माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने सालों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन व्दारा लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए थे। इसी क्रम में एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा व थाना प्रभारी माधवनगर निरी. अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी निवार उनि नेहा मौर्या को विश्वसनीय मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी जो स्थायी वारंटी दिलीप मिश्रा राज कुमार मिश्रा 34 साल निवासी लखापतेरी शंकर मंदिर के पास से घेराबंदी कर पकड़ा। स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में चौका प्रभारी निवार उनि. नेहा मौर्या, सउनि रमाकांत दुबे, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, प्र.आर. मनीष असैया, प्र.आर. गौरव सेन, देवेश कुमार, आर अरबिन्द कुशवाहा, बकील यादव की भूमिका रही।

### घर से बिना बताये लापता हुए बालक को मुंबई से किया दस्तयाब

**कटनी।** घर से बिना बताये अचानक लापता हुए एक 15 वर्षीय किशोर को बिलहरी चौकी पुलिस ने मुंबई से दस्तयाब किया है। यह कार्यवाही एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में आपरेशन मुस्कान के तहत की गई। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ने बताया कि 17 अप्रैल की दोपहर 2 बजे नाबालिक अपहत बालक 15 साल निवासी बिलहरी का घर से बिना बताये कही चला गया था। तलाश करने पर जब वह नहीं मिला तो पिता ने चौकी बिलहरी पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बिलहरी पुलिस द्वारा अपराध कायम करने के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गुमशुदा से जुड़े उसके सभी मित्रों और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। जिससे ये ज्ञात हुआ कि नाबालिग घर वालो से नाराज होकर काम करने मुंबई चला गया है। जिसे पुलिस द्वारा प्रयास कर 20 अप्रैल को सकुशल दस्तयाब किया गया। बालक को सुरक्षित पाकर उसके परिजनो के चेहरे पर राहत और खुशी की मुस्कान लौट आई। बालक के माता-पिता ने पुलिस के प्रयासो की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राम सिंह, प्रआर. भारत विश्वकर्मा, आर.विकास, संदीप, सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी की भूमिका रही।

---

### दो सैकड़ा से अधिक पुलिस बल ने आधी रात से जिले भर में की काम्बिंग गश्त

# अवैध कारोबार में संलिप्त एवं फरार व स्थायी वारंटियों को दबोचा, बदमाशों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गत रात पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाकर 129 वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 148 गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों समेत संपत्ति संबंधी अपराधियों की भी चैकिंग की। जानकारी के अनुसार पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन द्वारा अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने एवं कानून व्यवस्था की नींव बनाए रखने तथा अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से सरप्राइज कांबिंग गस्त का चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा गत रात्रि में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/ चौकी प्रभारी को अपने बल सहित कांबिंग गस्त करने एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा शहरी थाना/ चौकी प्रभारियों मय बल को थाना कोतवाली परिसर में एकत्रित कर गणना ली जाकर अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए एवं स्वयं भी पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा कटनी शहर तथा थाना रीठी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी, श्रीमती ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी शहर के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी अपने बल के साथ मौजूद रहकर कांबिंग गस्त की गई।

कांबिंग गश्त में करीब 223 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 92 वारंटी गिरफ्तार किए , स्थाई वारंटी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 37 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए।

पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 81 गुंडा चेक किए गए। अचानक दबिश देकर 67 निगरानी बदमाशों के घर जाकर चेक किए गए। जुआ अधिनियम अंतर्गत दर्ज प्रकरण- 08 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के वैधानिक कार्यवाही की गई। 25 आर्म्स एक्ट अंतर्गत दर्ज प्रकरण – अवैध रूप से हथियार रखने वाले 05 अपराधियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 83 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 12 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 149 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। मोटर व्हीकल एक्ट – कटनी पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई व यातायात नियमों का पालन न करने पर 124 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। परिशांति कायम रखने हेतु 46 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। 05 आरोपियों के विरुद्ध 34 पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गई जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सार्वजनिक स्थान होटल, ढाबा, एटीएम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से शख्ती से पूछताछ की व वाहनों को चेक किया गया। बदमाशों को अपराध से दूर रहने की हिदायत दी गई।

---

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र अज्ञाक्स संघ संघ के प्रांतीय आवाहन पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार ग्रामीण के माध्यम से सौंपा गया। अज्ञाक्स की प्रमुख मांगे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं मध्य प्रदेश के स्पेशल काउंसिल मनोज गौरकेला से नवीन पदोन्नति नियम का ड्राफ्ट तैयार कराया गया।

28 जनवरी 2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो निर्णय दिया गया है उसके अनुरूप उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायाधीश श्री गुप्ता द्वारा संविधान एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार बनाए गए नवीन पदोन्नति नियम का शीघ्र लागू किया जाए, बैकलॉग की पूर्ति के संबंध में अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के रिक्त बैकलॉग पदों की पूर्ति हेतु नियुक्तिकर्ता अधिकारी को निर्देशित किया जाए एक माह के अंदर विज्ञापन जारी कर प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह में परीक्षण कर मेरिट के आधार पर नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया जाए, इससे शासन की छवि पर सकारात्मक प्रभाव होगा, साथ ही उक्त निर्णय मिल का पत्थर साबित होकर अनुसूचित जाति जनजाति के विकास के साथ-साथ मध्य प्रदेश में सर्वाधिक विकास एवं उत्कृष्ट राज्य बनाने में सहायक सिद्ध होगा मध्य प्रदेश के लोक सेवकों के हितों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू किया जावे राज्य के लोक सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जावे आउट सोर्सिंग प्रथा बंद किया जाए अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति समय पर दिया जावे।

7 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे, पूर्व जिला अध्यक्ष सोहनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष सुग्रीव सिंह मरावी, जय चौधरी, सुभाष कुमार, अमित कुंडे, ओमप्रकाश सकतेल, विजय चौधरी, हरीश बेन, कपिल मनहर, मनोज दहिया ने उपस्थित होकर सौंपा।

---

### परचम कुशाई, चादर शरीफ से आयोजन का होगा आगाज

## पीरबाबा में तीन दिवसीय उर्स का आयोजन कल से तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हजरत इत्र शाह चिश्ती पीरबाबा की दरगाह पर प्रतिवर्ष पीरबाबा उर्स कमेटी द्वारा उर्स का आयोजन किया जाता है। तीन दिवसीय इस मेले में हजारों श्रद्धालु देश भर से पहुंचते हैं। इस वर्ष भी 22 अप्रैल से मेला प्रारंभ होना है, जिसकी तैयारियां की जा रही है। पीरबाबा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू ने बताया कि परचम कुशाई, चादर शरीफ व मिलाद से इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत की जावेगी।

इसके अलावा हजरत इत्र शाह दाता चिश्ती र.अ. पीरबाबा की शान में 25 अप्रैल शुक्रवार को रात्रि 9 बजे से सुप्रसिद्ध कब्बाल अजीज नाजा, शब्बू शादाब, मतीन इत्र शाही मुक्ति आलम और 26 अप्रैल शनिवार को मुजतबा अजीज नाजा, दानिश इकवाल सबरी, कब्बाली में नगमे पेश करेंगे। 27 अप्रैल को लंगर का आयोजन किया गया है।

आयोजन परिसर एवं आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई, कार्यक्रम पहुंच मार्ग में चूने की लाईन,, कीटनाशक दवाईयों का छिडक़ाव, प्रकाश व्यवस्था कार्यक्रम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु पेयजल व्यवस्था इत्यादि के साथ मंदिर व दरगाह में साज सज्जा की जा रही है।

खास बात यह है कि पीरबाबा मजार के सामने शिव जी, श्री राधा कृष्ण श्री हनुमानजी का विशाल मंदिर है। हिंदू मुस्लिम मिलकर दोनों धार्मिक स्थल को शानशौकत से सजाते आ रहे हैं। यही कारण है कि कटनी में कौमी एकता एक मिसाल के रूप में जानी जाती है ।

---

### मुड़वारा स्टेशन में स्थापित किया गया वॉटर कूलर



गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की ठंडे पानी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। संस्था के तत्वावधान में 80 लीटर क्षमता वाला वाटर कूलर मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 एवं 5 पर स्थापित किया गया है। मई और जून की भीषण गर्मी में यात्रियों को ठंडे पानी की भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को मद्देनज़र रखते हुए यात्रियों को राहत देने के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक रोहित सिंह ने इस पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बारडोली सोसाइटी के अध्यक्ष आर.एल. चौधरी, रविकांत राय, माया गुप्ता, राकेश चौधरी, स्टेशन वाणिज्य प्रबंधक के.के. दुबे, कमर्शियल इंस्पेक्टर शैलेश कुमार, विद्युत इलेक्ट्रिकल इंजीनियर जगदीप एवं सीटीआई सतीश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

## एकता के सूत्र में बंधकर रहने का संकल्प लेना ही सच्ची पुष्पांजलि होगी : लक्ष्मी बहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल में संस्था की मुख्य पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी डॉक्टर दादी रतन मोहिनी 101 की आयु पूर्ण कर अपने पुराने पार्थिव शरीर को त्याग कर अव्यक्त लोकवासी बनी उनकी स्मृति में आध्यात्मिक कार्यक्रम में उनके तेल चित्र समक्ष भोग अर्पित कर सभी भाई बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने .बताया कि .दादी रतन मोहिनी की उम्र जब 13 वर्ष थी जब उनका परिचय ओम मंडली ब्रह्माकुमारीज का प्रारंभिक नाम से हुआ । एक सत्संग में जब उन्होंने बाबा के मुख से ॐ की ध्वीन सुनी तो उन्हें गहन आंतरिक शांति का अनुभव हुआ .यही से उनका आध्यात्मिक जीवन की यात्रा प्रारंभ हुई । उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय ज्ञान, राजयोग साधना और सेवाओं को समर्पित किया उन्होंने सादगी स्थिरता और आध्यात्मिक अनुशासन का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जिससे आज भी लाखों लोग प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं उनका अंतिम संदेश स्नेह और एकता की सूत्र में बंध कर रहने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची पुष्पांजलि है अंत में सभी को भोग वितरित किया गया । इस अवसर पर रानी शर्मा, आरती बहन, ममता बहन, सपना, सुनीता जायसवाल, दुर्गा बहन,सविता बहन,नेहा बहन, शिवानी बहन, तृप्ति बहन मौजूद थीं

---

### नागरिकों की शिकायत पर महापौर ने किया निरीक्षण

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी पर महापौर ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के विकास कार्यों के साथ ही जनता की छोटी-छोटी समस्याओं के प्राथमिकता से निदान हेतु सदैव तत्पर रहने वाली नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी अवकाश के दिनों में भी जनता के बीच उपस्थिति दर्ज करते हुए उनकी समस्याओं को सुलझाने में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ रही है।

### शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंची महापौर

महापौर प्रीति संजीव सूरी को इमलिया चौराहे से लेकर बाबा नारायण शाह गेट तक बन रही 2.3 किलोमीटर की सड़क को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की तो उक्त शिकायत को संज्ञान में लेकर महापौर श्रीमती सूरी अन्य जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंच गई।



### ठेकेदार को फटकारा

लोगों की शिकायतों के आधार पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षण करने पहुंची महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पहले लोगों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना, उसके बाद सड़क निर्माण का जायजा लेते हुए तत्काल ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने एवं कमियों को दुरुस्त करने की हिदायत दिए जाने पर ठेकेदार ने तत्काल सुधार कार्य करने के लिए आश्वत कराया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि झूलेलाल मंदिर सब्जी मंडी के पास शनिवार रात पेंच वर्क कराया जाएगा। क्योंकि इस मार्ग में सीवर लाइन का कार्य होना है, अतः यहां पर फिलहाल सड़क निर्माण कराना उचित नहीं है। इसलिए सड़क में पेंच वर्क कराकर उसे लोगों के चलने के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी के साथ एम आई सी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी, शिबू साहू, रमेश सोनी, गोविंद चावला, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद विनोद यादव सहित ठेकेदार एवं स्थानीय जन भारी संख्या में मौजूद रहे।

---

### बड़वारा क्षेत्र के ग्राम भजिया में अंबेडकर जयंती पर समारोह आयोजित

# शिक्षा एवं संगठन से समाज में जागरूकता व एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम भजिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक एकता का दिया संदेश दिया गया। अनुसूचित जाति जनजाति एवं ओबीसी समाज के संयुक्त तत्वावधान मे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में दो सप्ताह तक चलने वाले समारोह के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, विचार जागरूकता और सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों ने बारी-बारी से बाबा साहब के जीवन, उनके योगदान एवं आज की सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे हरीश भारती संगीत मंडली द्वारा शानदार बाबा साहब पर संगीत प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजाक्स जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप सोहन लाल चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष अजाक्स, तहसील अध्यक्ष अजाक्स गुड्डा प्रसाद रैदास भीम आर्मी जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध ओबीसी महासभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सीताराम पटेल, लक्ष्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नारायण पटेल, विजय कुमार चौधरी रहे। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप में उत्तम सिंह मार्को , जयंत सिंह कश्यप, राघवेंद्र सिंह, रघुवीर चौधरी, बबलू चौधरी, राम चौधरी, पंकज राय, कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे।

मुख्य अतिथि अरविंद सिंह धुर्वे ने अपने वक्तव्य में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी से भाईचारा बनाने का कार्य करे सभी युवा समाज में बाबा साहब बिरसा मुंडा, महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्षों को बताये एवं आने वाले समय में महापुरुषों जयंती गांव गांव मनाया जाना चाहिए विशिष्ट अतिथि सोहन लाल चौधरी ने कहा कि हमे सब कुछ बाबा साहब ने दे दिए है हमे तो चाहिए समाजिक समानता जिसे प्राप्त करने के लिए हम लगातार प्रयासरत रहेगे। समाज को बिरसा मुंडा महात्मा फुले के योगदान को जानना और मानना हर समुदाय के लिए जरूरी है। यदि समाज का समग्र विकास चाहते हैं, तो हमें एक दूसरे से जुड़कर रहना होगा। कार्यक्रम सफल संचालन बंशरूप चौधरी प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और समाज में जागरूकता, शिक्षा और संगठन के माध्यम से परिवर्तन लाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिकों में साजन चौधरी, संतोष पाल,सतेंद्र,धर्म दास,अरुण, साहेब दास, मनीष, सतीश, सोनू, रामकुमार,भोला, मनोज, राहुल,देवीदीन, अनुज, रज्जन, रामकिशोर, नंदकिशोर, चप्पू, कुंदन, सुरेश, शैलेन्द्र, राहुल, चंदू, उत्तम, चन्ना, ददोली, आनंद, फूलचंद, सुनील, मनोज, अंकित, रघुरई, रतन, सोहन लाल, दीपक, अजय, विकास, के. डी. लल्लू. कौशल, अजयभान रावत, पिंटूरावत, लल्लूरावत संतोष,राजन, संदीप, शिवप्रसाद, शिवकुमार चौधरी, कंचन चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

---



## पुलिस कप्तान ने आधी रात किया रीठी थाना का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसपी अभिजीत रंजन गत रात्रि अचानक रीठी थाना के निरीक्षण के लिए पहुंच गए। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए मौजूद कर्मचारियों से संवाद करने लगे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी ने थाने में संधारित होने वाले गुंडा रजिस्टर, निगरानी, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, मुलाहिजा रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, ई-एफआईआर रजिस्टर, जरायम रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका की जांच की। निरीक्षण करते हुए सभी में पूर्ण प्रविष्ठियां प्रतिदिन अपडेट करने हेतु निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी से एसपी श्रीरंजन ने कानून व्यवस्था की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाना प्रभारी को अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुरूप कठोर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु भी निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बिल्हा में चौधरी परिवार में मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दो चौधरी परिवार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ और मारपीट का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना विवाद था जिसमें हेतराम चौधरी ने आरोपी की बारी में पेशाब कर दी जिसमें मामला इतना बढ़ गया कि फरियादी ने बताया कि मैने इनके बारी के यहां पेशाब कर दी जिससे गुस्सा होकर मल्लू बाई ,कल्लू बाई और हाकम चौधरी ने मिल कर मुझे बहुत मारा। घटना में फरियादी हेतराम पिता बुद्दू चौधरी उम्र 33 वर्ष को शरीर में कई चोटें आई हैं। घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नरवाई की आग से कई जानवर आग में झुलसे, ग्राम जैतूपुरा में घटी घटना, दमकल ने आग पर पाया काबू

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम जैतूपुरा में स्थित एक नाले के बगल से लगी नरवाई में आज दोपहर लगभग 3 से 5 के बीच विकराल आग लग जाने से आसपास घूम रहे जानवरों के बच्चे जिनमें भैंस के पड़ा और पड़िया आग में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सीएम राइज स्कूल के 9 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में चयन

**पन्ना।** सीएम राइज शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के 9 छात्र-छात्राओं का चयन भारत सरकार द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 की राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में हुआ है। शासकीय विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आर्थिक संबल और प्रोत्साहन के लिए प्रति वर्ष यह परीक्षा आयोजित की जाती है।

### लाखों रुपए का हो रहा प्रतिदिन कारोबार

# आईपीएल सट्टे पर आखिरकार सुस्त क्यों है पुलिस महकमा...?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा नगर में आईपीएल मैचों को क्रिकेट प्रेमी एक त्यौहार के रूप में देखते हैं लेकिन सट्टा कारोबारियो के लिए आईपीएल मैच कम समय में बम्पर कमाई का स्वर्णिम अक्सर माना जाता है। लेकिन गौर करने बाली बात ये है कि जिन कंधो पर सट्टा पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी है, वो कंधे सट्टा कारोबारियों के समक्ष खुद को गिरवी रखकर उक्त अवैध व्यापार के प्रति अपनी आंखें बंद कर उसे मूक सहमति दे रहे है।

सट्टा में पूर्व में लिप्त रहे कुछ जानकार लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मोबाइल में लिमिट डालकर सेशन रूप में क्रिकेट का सट्टा खिलाया जाता है। अभी वर्तमान में हटा नगर में रोजाना लाखों रूपये से अधिक रूपये का सट्टा खिलाया व खेला जा रहा है और इन सट्टा खिलाने वालो की जानकारी पुलिस को होती है लेकिन पुलिस के ही कुछ लोग इन सट्टा खिलाने वालो के संपर्क में रहकर उन्हें पुलिस की गतिविधियों की जानकारी देने के अलावा पुलिस के कोप से बचाने का भी कार्य करते हैं।



पुलिसकर्मियों के मोबाइल डाटा से खुल जायेगी पोल- पूर्व सट्टा खिलाने वालो ने गुप्त जानकारी देते हुवे बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अगर अपने पुलिसकर्मियों के मोबाइल का डाटा चेक करें तो सट्टा के साथ साथ जुआ खिलवाने वाले लोगो से पुलिस की सांठगांठ की पोल खुलकर सामने आ जाएगी। क्योंकि पुलिस के कुछ लोगो को सारी जानकारी होती है कि कौन, कब, कहां सट्टा खिलवा रहा है।

जानकारों ने बताया कि आईपीएल का सट्टा आम सट्टा से अलग है। इसमें नगद लेनदेन नहीं होता। फोन पर ही काल कर सट्टा लगाया जाता है। मोबाइल वालेट और खाता के जरिए पैसे इधर से उधर किए जाते हैं। इस सट्टा कारोबार में अब परिजनों के नाम पर बैंक अकाउंट खोलकर या सिम लेकर मोबाइल में लिमिट डालकर सेशन रूप से क्रिकेट का सट्टा खिलाया जा रहा है। इस सट्टा के कारोबार में लिप्त लोगो को पूर्व में पुलिस ने पकड़ा भी है लेकिन पुलिस की उक्त कार्यवाही का सट्टा कारोबारियो पर कोई खास असर नहीं होता।

आईपीएल में सट्टा लगाकर कम समय में मोटा पैसा कमाने का लालच युवाओं को आकर्षित कर रहा है। यही वजह है कि नगर व क्षेत्र की युवा पीढ़ी आईपीएल के जंजाल में फंस चुकी है। जगह-जगह बैठे बुकी मोबाइल पर पूरा खेल मैनेज कर रहे हैं। आईपीएल में हर गेंद और रन के साथ भाव तय होता है। एक दिन में लाखों रुपये का कारोबार होता है। आईपीएल का सट्टा लाइन पर चलता है। लाइन का नंबर छोटे शहरों में बैठे बुकी के पास होता है। बुकी ही लोगों को सट्टा खिलवाते हैं। मैच शुरू होने के साथ भाव तय होता है। मजबूत और कमजोर टीम के हिसाब से लाइन पर भाव आते हैं। इस भाव के आधार पर ही युवा वर्ग सट्टा बुकी के जरिये सट्टे पर रुपये लगाते हैं। इसके अलावा प्रति ओवर, प्रति बाल के हिसाब से भी लोग सट्टा लगाते हैं।

जानकारों ने बताया कि शहर में सट्टा खिलाने वाले मुख्य व बड़े खिलाड़ी तो सिर्फ गिनती के ही हैं। जो सारे शहर के चारो कोनो में अपना जाल फैलाये हैं। सट्टा वालो के अपने स्थान नगर के आबादी वाले क्षेत्रों में बनाए हुए हैं जहां किसी को शक भी नहीं होगी।

**आईपीएल सीजन में क्यों नहीं होती निगरानीशुदा कार्रवाई-**

गौरतलब है कि चुनावों व त्यौहारों के दौरान शांति व संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिस प्रकार नामदर्ज व निगरानीशुदा लोगो पर कार्यवाही होती है। उसी प्रकार आईपीएल सीजन के दौरान नामदर्ज सट्टा किंगो पर भी निगरानी रखकर सट्टा के विरुद्ध ठोस व असरदार कार्यवाही क्यों नहीं की जाती। अगर आईपीएल के दौरान नगर के लगभग डेढ़ दर्जन सट्टाकिंग हटा पुलिस की नज़र में रहने लगेंगे तब सट्टा का कारोबार मिनटों में धरासाई हो जायेगा। क्योंकि जो लोग सट्टा खिलाते हैं वो जब पुलिस की नजर में रहेंगे तो सट्टा कारोबार कैसे हो पायेगा।

# हर गांव में वाटरशेड कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया जाये-राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने तेंदूखेड़ा ब्लाक के अनेक ग्रामा पंचायतो में बाटरषेड महोत्सव एवं सामुदायिक भवनो की अधार षिला रखी। सबसे पहले ग्राम पंचायत पिडरई पांजीं बाटरषेड महोत्सव के दौरान श्री लोधी ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, कि हर गांव में वाटरशेड कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया जाये। हम देखते हैं, कि गर्मी आती है, ताल, तलैया, तालाब ये सब सूख जाते हैं, और गर्मी में पानी की बड़ी समस्या लोगों को होने लगती है। इन समस्याओं से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जल संवर्धन अभियान जिसको अभी मुख्यमंत्री ने नाम दिया है, जल गंगा संवर्धन अभियान। इस अभियान के अंतर्गत ये वाटर शेड के काम विभिन्न पंचायतों में होंगे। श्री सिंह ने कहा वाटरशेड से संबंधित कार्यक्रम यहाँ पर रखा गया है और आपको बताना चाहता हूँ, की ब्लॉक की 10 पंचायतों तेजगढ़, हर्रई, सिंगौरगढ़, जामुनखेड़ा, रामखेड़ा, अजीतपुर, सैलवाड़ा, बम्होरी, पांजी, झरौली, खमरिया कलॉ पंचायत का चयन किया गया है, जिसमें पिंडरई पांजी भी शामिल है, जो बड़ी पंचायत है। इसमें 25 लाख तक के काम सरकार के द्वारा कराए जाएगें छोटी पंचायत है, उनमें 10 लाख से शुरू होकर 15 लाख रुपए, कहीं 20 लाख रुपए के वाटर शेड के माध्यम से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा अब क्षेत्र के हर खेतो में सिचाई का पानी पहुँचाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प है, केन-बेतवा परियोजना 40 लाख करोड़ की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से केन-बेतवा परियोजना को ब्यारमा नदी से जोड़ने की बात रखी गई थी, वह पूरी हुई, इसके लिए अब ब्यारमा नदी पर घटेरा के समीप डेम बनेगा वहॉ से पाइप लाइन के माध्यम से क्षेत्र के खेतों मे पानी पहॅुचेगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने वाटर शेड जागरूकता रथ को हरी झडी दिखा कर रवाना किया। राज्य मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी साथ ही निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। ग्राम हिनौती में 15 लाख एवं झरौली में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों की रखी आधारशिला।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**बनवार।** बाल विवाह की रोकथाम और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बनवार ग्राम पंचायत में एक संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में शासन के निर्देशों और जागरूकता के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया था, और परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सेक्टर पर्यवेक्षक रीना ठाकुर भी उपस्थित थीं।

# बाजार में तरबूज की बहार..गर्मी के सीजन का सबसे फायदेमंद आहार



### तरबूज में फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है इसमें 90 फीसदी पानी होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

इन दिनों गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। गर्मी के कारण घरों से निकलना मुश्किल भरा है इस कारण शरीर में पानी की कमी होने से तमाम मौसमी बीमारियां परेशान करती हैं। शरीर में पानी और पोषक तत्वों को बनाए रखने में सबसे अच्छा फ्रूट तरबूज है, जो इन दिनों बाजार में भरपूर मात्रा में उपलब्ध है तरबूज न केवल हमारे शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है, बल्कि फाइबर, विटामिन, मिनरल्स का अच्छा स्त्रोत भी है।

**शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है तरबूज**

गर्मियों में तरबूज खाना कई तरह से फायदेमंद होता है, जैसे कि यह शरीर को ठंडा रखता है, हाइड्रेट करता है और पाचन में मदद करता है। तरबूज में 90 प्रतिशत पानी होता है। जो गर्मियों में शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। तरबूज में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। तरबूज की ठंडी तासीर गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है।

**इम्युनिटी बूस्टर है तरबूज**

सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी बताते हैं कि तरबूज में विटामिन सी होता है, जो इम्युनिटी को मजबूत करने में मदद करता है। तरबूज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। तरबूज में विटामिन सी होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। तरबूज में मौजूद पोषक तत्व खून को साफ करने में मदद करते हैं।

**विटामिन और मिनरल्स का स्त्रोत है तरबूज**

डॉ अमन सोनी कहते हैं तरबूज में विटामिन ए, सी और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते है। तरबूज में लाइकोपीन नामक तत्व पाया जाता है, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। तरबूज में कैलोरी कम होती है और यह पेट को जल्दी भर देता है जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**फ्रिज में रखें तरबूज के सेवन से बचें**

डॉ प्रियांशु साहू कहते हैं कि फिज में रखा तरबूज खाने से बचें, क्योंकि इसे काटकर फ्रिज में रखने से बैक्टीरिया पनपते हैं और पोषक तत्व कम हो जाते हैं, जिससे फूड प्वॉइजनिंग का खतरा बढ़ सकता है। यहां कुछ और कारण दिए गए हैं कि क्यों तरबूज को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। तरबूज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और अन्य पोषक तत्व फ्रिज में रखने से कम हो जाते हैं। फिज में रखने से तरबूज का स्वाद भी बदल सकता है। अगर आप तरबूज को ठंडा करना चाहते हैं, तो उसे फ पानी में डाल दें।

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** वैशाख माह के पवन पर्व पर शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके किया गया समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने मधुर भजनों का आनंद लिया वही आयोजक महिला मंडल समिति द्वारा समाज के सभी बहनों को स्वल्पाहार प्रसाद वितरित कर जलपान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया।

# व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**तेंदूखेड़ा ।** रविवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक व्याख्यानमाला का आयोजन हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में मूरत सिंह सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीप्रसाद नामदेव नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविंद यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता शुभम जैन उपस्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में गोविंद यादव ने बाबा साहब के संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, "डॉ. अंबेडकर का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने दो-दो विषयों में पीएचडी कर 'सिंबल ऑफ नॉलेज' के रूप में विश्व में पहचान बनाई उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने दलित, पिछड़े वर्ग एवं समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, "बाबा साहब के कारण आज हम सभी समानता के अधिकार का अनुभव कर रहे हैं। संविधान ने हमें एक साथ बैठकर पढ़ने, और जीवन जीने की आज़ादी दी है कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, छात्रगण, परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन, मोहित एजुकेशन सोसाइटी, सूर्य सेवा समिति जरौली, स्वर्गीय राम सिंह समग्र कल्याण समिति पूरा, प्रस्फुटन समितियां, तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में श्री दिनेश साहू, अध्यक्ष, नवांकुर संस्था द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।




# नीमा के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन




**दमोह।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा शाखा दमोह का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय दमोह डॉक्टर रविंद्र सिंह ठाकुर डीएचओ डिस्टिक हेल्थ ऑफिसर डॉ. राजेश नामदेव एवं नीमा जबलपुर शाखा के महासचिव डॉक्टर कल्याण सिंह ठाकुर जी की उपस्थिति रही। मंच पर नीमा के अध्यक्ष डॉ.सीएल नेमा आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल सचिव डॉक्टर सुरेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष डॉ गंगाराम पटेल भूतपूर्व एमएलए विधायक डॉ राजपूत सर जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवान धन्वंतरि जी की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ सभी अतिथि के स्वागत के उपरांत नीमा डे के बारे में सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया साथ में नीमा के सभी सदस्य पदाधिकारी गण की उपस्थिति रही और नीमा के आजीवन सदस्यता का कार्यक्रम भी हुआ। इसके बाद नीमा के बारे में सारी जानकारी डॉक्टर केदार शिवहरे जी के द्वारा दी गई कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया कार्यक्रम का संचालन नीमा के मीडिया प्रभारी डॉक्टर सौरभ चौधरी के द्वारा हुआ एवं जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ अनिल चौधरी जी के द्वारा किया गया।

# पशु पक्षियों के लिए कर रहे दाना-पानी की व्यवस्था, दूसरो को भी कर रहे जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गर्मी के बढ़ते प्रकोप से मूक पशु-पक्षियों की सेवा की ओर बढने लगा है और वह इस समर सीजन में पशु पक्षियों को दाना-पानी की सुविधा कर रहे हैं साथ ही अन्य लोगों को इस ओर आगे आने के लिए जागरूक कर पहल शुरू कर दी है। लोगों का मानना है कि गर्मी का मौसम में यह हर किसी के लिए मुशिकलों भरा समय है। इससे पशु पक्षियों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। यह सही मौका है जब उनकी सेवा की जाए। गर्मी में हालात ऐसे हैं कि हर कण्ठ पानी की तलाश में रहता है। चाहे वह इंसान हो या फिर पशु-पक्षी। इसलिए मूक पशुओं की जान बचाने के प्रयास शुरू किए गए है।

**तापमान 42 डिग्री के पार**

इन दिनों जिले का तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है और 42 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। यह दौर मूक पशु-पक्षियों के लिए मुश्किलों भरा है ऐसे में हम सभी को उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए घर के बाहर बर्तनों में पानी रखकर उनकी प्यास बुझाई जा सकती है। और घर से निकलने वाली वेस्ट खाद्य सामग्री दाना के रुप में खिला सकते हैं। इससे पशु-पक्षियों का जीवन बचाया जा सकता है।

**सभी को आगे आना चाहिए**

रजक समाज के अध्यक्ष पंडा भागीरथ रजक कहते हैं कि गर्मी के मौसम में जितना अपना ख्याल रखने की जरूरत है। उतना ही पशु पक्षियों का भी रखना चाहिए। ऐसा करके हम उनकी जान को बचा सकते हैं। हम सभी को उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।




**वेस्ट खाद्य सामान पशुओं को खिलाए**



सेवानिवृत्त एसडीओ व समाजसेवी बीएल साहू जी कहते है कि घर में निकलने वाले वेस्ट सामान जैसे सब्जियों, खाद्य सामग्री को पशुओं को देकर और पानी की सुविधा कर उनके लिए राहत भरा कार्य कर सकते हैं। देखा गया है कि लोग घर से निकलने वाली खाद्य सामग्री को कचरे में फेंक देते हैं, जबकि इसका सही उपयोग किया जा सकता है।

**-बीएल साहू, सेवानिवृत्त एसडीओ**

**नियमित दे दाना-पानी**



देवेंद्र राय कहते हैं कि पक्षियों के लिए नियमित दान पानी रखने से इस भीषण गर्मी में हम उनका जीवन बचा सकते हैं। तापमान 42 डिसे के बीच चल रहा है, जो पक्षियों के जीवन के लिए सही नहीं है। हम सभी को इस ओर पहले करना चाहिए।

**-देवेंद्र राय, तेन्दूखेड़ा**


**कर रहे लोगों को जागरूक**



राहुल लोधी ठाकुर कहते हैं कि गर्मी में हमें पक्षियों के लिए हमेशा दाना और पानी का इंतजाम करना चाहिए अत्यधिक गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सकें और उनकी रक्षा व देखभाल हो सकें यह हम सब का कर्तव्य है जल सेवा करने के लिए हम सब को प्रयास करना है और लोगों को भी इस कार्य को करने जागरूक करना है

**राहुल लोधी ठाकुर, तेन्दूखेड़ा**

# विश्व हिंदू परिषद ने बंगाल के हालातों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम दमोह प्रशासन को सौंपा ज्ञापन । विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में बताया वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोर सजा दिलवानी चाहिए। मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल, 2015 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था, जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी । इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। ज्ञापन में मांग की गई है कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, बंगाल की हिंसा की जांच NIA के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए, बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए, बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था। जिला संयोजक गोलू चौबे ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी, ज्ञापन में सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधुओं की और हिंदू जागरण मंच, सकल हिंदू समाज की उपस्थिति रही ।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार दो जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** रविवार की सुबह चार बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनेटा झलौन मार्ग पर स्थित माल बाबा के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर हादसे के शिकार हो गए जिन्हें 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से दो लोगों को गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी प्रकाश पिता चोखे लाल गौड़ उम्र 35 गोदालाल पिता रामसेवक गौड़ उम्र 36 वर्ष निवासी अर्जुनद्र जिला सागर के रहने वाले इस जो किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे लेकिन वापस लौटते समय माला बाबा के समीप अनियंत्रित होकर हादसे के शिकार हो गए जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### बूंदा बहू ट्रस्ट की कृषि भूमि की आज की जायेगी नीलामी

**दमोह ।** श्री देव जानकी रमन मंदिर बूंदा बहू ट्रस्ट के रिसीवर एवं तहसीलदार दमयंती नगर मोहित जैन ने बताया ट्रस्ट मंदिर की कृषि भूमि ग्राम हथना एवं महंतपुर में है। उन्होंने बताया आज सोमवार 21 अप्रैल 2025 समय दोपहर 02 बजे से मंदिर के सभा कक्ष में भूमि की नीलामी की जायेगी। जिस कृषक की सर्वाधिक बोली आएगी राशि जमा कराते हुए उसे बोली प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा अमानत राशि जमा कर आमजन बोली में भाग ले सकते है।

कटनी बीना रेलखंड पर घंटो प्रभावित रहा रेल यातयात, कई ट्रेनें हुई लेट

# पार्सल गाड़ी की दो बोगियां पटरी से उतरकर बिजली के खंभे से टकराई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

रविवार दोपहर रेल्वे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरने के बाद एक पोल से टकरा गई जिससे देर शाम तक यातयात प्रभावित रहा। गनीमत रही कि दुघटनाग्रस्त होने वाली ट्रेन कोई यात्री ट्रेन नहीं थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलैया मील फाटक के पास तीसरी लाईन से कटनी से बीना की ओर जा रही स्पेशल पार्सल ट्रेन पटरी से उतर गई व विद्युत पोल से टकरा गई। तीसरी लाईन से अपट्रेक की तरफ शिफ्ट होते समय यह हादसा हो गया। इस हादसे में दो ट्रेक बाधित हो गये है व कई ट्रेने प्रभावित हो गई। जिससे कटनी से बीना की ओर चलने वाली यात्री ट्रेनों को अपने-अपने स्थान पर रोक दिया गया है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार जबलपुर से निजामुद्दीन की ओर चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस साथ ही कटनी से बीना की ओर चलने वाली मेमू एक्सप्रेस को नजदीकी स्टेशन पर रोक दिया गया है। रेल्वे के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे व निरीक्षण किया। इंजीनियर्स की पूरी ट्रेन दमोह पहुंची जो काम में जुटे रहे। करीब चार घंटे मशक्कत की गई तब जाकर ट्रेफिक क्लियर किया गया। दो ट्रेक बाधित थे जिनमें एक को क्लीयर किया गया। स्पेशल इंजन की मदद से पार्सल ट्रेन से 11 बोगी को अलग किया गया है व करीब 30 बोगी की ट्रेन अभी भी ट्रेक पर खड़ी हुई है। शाम तक पूरी तरह से ट्रेफिक क्लियर करने के लिये काम जारी था।

## खबर का असर.... रिचकुडी मार्ग से पेड़ को हटवाया



**तेंदूखेड़ा।** हर्ई से रिचकुडी मार्ग पर दो माह से सडक पर आंधी तूफान से गिरकर पेड़ पड़ा हुआ था। साथ ही सडक पर पेड़ पडे.होने के कारण अनेक वाहन चालको को समस्याए हो रही थी साथ ही अनेक दो पहियां वाहन चालक अंधेरे में पेड़ से टकराकर घायल भी हो चुके थे। जब दैनिक हरिभूमि ने रविवार को रिडकुडी रोड़ पर दो महीने से बीच सडक पर पड़ा पेड़ शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ ब्हीपी खरे से सम्पूर्ण मामले में चर्चा करने के बाद एसडीओ ने रविवार को ही अपने कर्मचारियों को भेजकर सडक पर पडे.पेड़ की डालियों को कटवाकर सम्पूर्ण पेड को सडक से अलग किया गया है। साथ ही अब वाहन चालको को आने जाने में राहत मिली है।

## औचत्यहीन साबित हो रहे चेक डैम, पानी की बूंद तक नही

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में मनरेगा योजना व गौड़ खनिज विभाग से जहां जहां भी चेक डैमों का निमार्ण कार्य किया गया है जिनकी लागत करीब 10-15 लाख रुपए रही उनमें 95 प्रतिशत चेक डेम ऐसी स्थिति में जहां पानी की बूंद तक नही है तो उन चेक डैमों का क्या मतलब और पंचायत में किस उद्देश्य से बनाए गए यह समझ नही आता। जहां भी देखो सूखे पड़े हुए हैं। शासन का उद्देश्य भले जल संरक्षण के लिए हो ताकि ग्राम में बारिश का पानी का भराव हो सकें जिससे ग्राम में जल समस्या से छुटकारा मिलें पर ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव रोजगार सहायकों से लेकर उपयंत्री उक्त कार्य में शामिल है पर क्या किसी भी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस और ध्यान नही दिया जाता कि शासन का लाखों रुपए खर्च हो गए और बिलों का भुगतान होकर सीसी जारी हो गई पर पानी का स्टाक तक नही हो पाता तो किस मतलब के लिए बनें। जिला कलेक्टर से मांग है कि जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में बनें चेक डैमों की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए।

## बाल विवाह रोकथाम व जागरूकता प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां



बाल विवाह के रोकथाम व लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर महोदय व जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर एवं परियोजना अधिकारी हटा शिव राय के मार्गदर्शन में सेक्टर पर्यवेक्षक सारिका अग्रवाल की उपस्थिति में शनिवार को ग्राम पंचायत हिनौता में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व आशा कार्यकर्ताओं का संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें बाल विवाह की रोकथाम किस तरह की जाये व इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते है इसके बारे में बताया गया साथ में जो बालिकाएं बाल विवाह का शिकार हो जाती है वह भविष्य में सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो जाती है।

## दीवान जी की तलैया में श्रमदान किया

**दमोह ।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा का 43 वां सप्ताह के तहत दीवान जी की तलैया दमोह में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं, वार्डवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा जिला प्रशासन और दमोह के सभी सामाजिक संगठन, नगरपालिका और सभी के संयुक्त समन्वय में 43 वॉ स्वच्छता अभियान प्रति रविवार श्रमदान किया जाता हैं। जिसमें बढ़-चढ़ सभी आमजन इसमें हिस्सा लेते हैं। इसी कड़ी में आज यह दीवान जी की तलैया में यह कार्यक्रम रखा गया था और यह शुरुआत है, इसको फिर आगे और अच्छे तरीके से साफ-सफाई की ओर ले जाएंगे, क्योंकि यह बहुत ही प्राचीन धरोहर है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का जल गंगा संवर्धन अभियान है, जो 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। जिले में भी ऐसी संरचनाएं चिन्हित की है, जिनका हमको पुनरुद्धार करना है। जिससे की जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में जिले में एक अच्छे परिणाम अभियान के समापन के बाद आए, यही प्रयास किया जा रहा हैं।

## बालों के लिए टॉनिक तो गर्मी में सेहत के लिए रामबाण है ककड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गर्मी में लगातार बढ़ते तापमान के बीच अब मार्केट व बाजार में ककड़ी की भरमार देखने लगी है और लोग अपने घरों में खरीदकर ले जा रहे हैं दरअसल 90 प्रतिशत जल तत्व व कई प्रकार के खनिज की मात्रा से भरपूर बाजार में मिल रही ककड़ी सेहत के साथ बालों के लिए भी टॉनिक का काम करती है इसके गुणों के बारे में शायद ही आपकों पता होगा। गर्मी के मौसम में मिलने वाली यह ककड़ी खीरा प्रजाति की होती है और राहत पहुंचाती है। इसमें फाइबर, विटामिन, कैल्शियम, आयोडीन, पौटेशियम, सिलिकॉन, सल्फर, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है। सिलिकॉन और सल्फर की मात्रा अधिक होने से यह बालों के स्वास्थ्य और उनकी बढ़ोत्तरी में सहायक होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से बाल लंबे होते हैं। इसका रस निकाल कर बालों में लगा कर धोना फायदेमंद साबित होता है। यह त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। इससे खून साफ होता है। फोड़े-फुंसियां होती है। बीज को पानी के साथ पीसकर चेहरे पर लेप लगाने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है।

### बीजों में पाए जाते है गर्मी दूर करने वाले गुण

ककड़ी के बीजों में गर्मी दूर करने वाले गुण पाए जाते हैं। इनके सेवन से चिड़चिड़ापन, बौखलाहट, गुस्सा व मानसिक परेशानियां भी दूर होती हैं। शरीर को ठंडा रखने के लिए इसके बीज का इस्तेमाल करना अच्छा होता है। गर्मी व लू की मार से बचाती है खीरे की अपेक्षा ककड़ी में अधिक मात्रा में पानी पाया जाता है। गर्मी में इसके नियमित सेवन से शरीर में पानी की कमी नही होती है। डीहाइड्रेशन से बचाव करती है। टॉक्सिक या विषैल पदार्थों को शरीर से बाहर निकाल कन उसे डीटॉक्स करने में मदद करती है पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाती है नियमित रूप से सेवन करने से यह शुगर को कंट्रोल करती है।

## चौकी प्रभारी आनंद को संविधान गौरव सम्मान




**दमोह।** पिछले दिनों गौ हत्या करने वाले कसाई के द्वारा गोली लगने से घायल होने वाले जबलपुर नाका चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार को संविधान गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की उपस्थिति में रायसेन जिले के प्रतापगढ़ में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि आनंद कुमार गौहत्या जैसे जघन्य अपराध और आदतन अपराधी से हुई पुलिस मुडभेड़ में गोली लगने से घायल हो गये थे।

## बाल विवाह रोकथाम का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



बाल विवाह की रोकथाम एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर महोदय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महोदय के निर्देश पर एवं परियोजना अधिकारी जबेरा रिंकल घनघोरिया के मार्गदर्शन तथा सेक्टर पर्यवेक्षक सुंदर लाल अहिरवार एवं प्रीति शर्मा की उपस्थिति में आज दिनांक 19 अप्रैल को सिंग्रामपुर एवं सिंग़पुर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा कार्यकर्ताओं एवं पुलिस कर्मियों का संयुक्त प्रशिक्षण संग्रामपुर ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया जिसमें बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में शासन द्वारा प्रसारित निर्देशों एवं लोगों को किस तरह जागरूक किया जाए एवं बाल विवाह की रोकथाम किस तरह की जाए इस संबंध में उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया साथ ही उन्हें बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## बांसा में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का आज से आगाज



**दमोह।** दमोह सागर मार्ग पर स्थित ग्राम बांसा तारखेडा के श्री मुनिसुव्रत तीर्थ पर 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्री 1008 जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव ज्ञान रत्नाकर आचार्य श्री 108 उदार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मुनि श्री 108 उपशांत सागर जी महाराज की संसंघ मौजूदगी में यह पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित हो रहा है। 21 अप्रैल को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन ध्वजारोहण के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा एवं गर्भकल्याणक की पूर्व रूप की क्रियाए की जाएगी। जिसमें सुबह 6:55 पर घटयात्रा, सुबह 7:15 बजे अभिषेक, 8:40 पर ध्वजारोहण, 9:00 बजे प्रवचन, 1:25 पर याग मंडल विधान का आयोजन होगा। तो वही शाम के वक्त 7:30 महा आरती, 8:45 पर इंद्र दरबार एवं रात्रि 11:05 पर गर्भ कल्याणक की क्रियाएं की जाएगी। इस संपूर्ण आयोजन में बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी का मंगल निर्देशन प्राप्त हो रहा है। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य के रूप में ब्रह्मचारी जय निशांत जी, सह प्रतिष्ठाचारी के रूप में ब्रह्मचारी जिनेश मलैया इंदौर, पंडित मुकेश विमल इंदौर, मनीष जी संजू टीकमगढ़, अरविंद जी रुड़की, पंडित संजय जी सरल चिचोली मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में भगवान के माता-पिता सुरेश सुशीला मारोरा इंदौर, सौधर्म इंद्र के रूप में चौधरी पदमचंद अनीता जैन बांसा, कुबेर इंद्र के रूप में मुकेश मीना जैन संतोष भंडार दमोह, महायज्ञानायक सुकुमाल शालिनी पुणे, यज्ञनायक हेमचंद प्रभा जैन बांसा, राजा श्रेयांश ऋषभ कविता जैन दमोह को सौभाग्य मिला है। पंचकल्याणक महोत्सव में उपस्थित की अपील मुनिसुव्रत तीर्थ ट्रस्ट कमेटी, एवं पंचकल्याणक समिति बांसा ने की है।

## गौशाला निर्माण कराने की मांग को लेकर राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम मंगरई में गौशाला का निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश शासन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल से भेंट कर संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह के नेतृत्व में भगवती मानव कल्याण संगठन ने ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में संगठन ने मांग करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम मंगरई में गौशाला के निर्माण कार्य हेतु पर्याप्त जगह है राजस्व विभाग की लगभग डेढ़ सौ एकड़ भूमि उपलब्ध है और इसी भूमि से लगकर वन विभाग की भूमि लग जाती है इसी के साथ यहां पानी के लिए पर्याप्त पानी वाला तालाब उपलब्ध है। इन व्यवस्थाओं को देखते हुए समस्त क्षेत्र वासियों की मंशा है कि मंगरई में शीघ्र गौशाला के निर्माण कार्य की स्वीकृत कराई जाए। इस जगह की अगर स्वीकृत हो जाती है तो इस क्षेत्र के गोवंश जो मारा मारा फिरता है रोड पर हादसे का शिकार होते हैं फसलों को नुसकान पहुंचते हैं आदि समस्याओं से बचाव होगा। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है की गौशाला की स्वीकृति मिलने पर गोवंश का रखरखाव एवं गौमाता की रक्षा होगी और आसपास के 20 ग्रामों के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही इस कार्य में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता पूर्ण रूप से निशुल्क सहयोग और सेवाएं देंगे। अतः श्रीमान जी से निवेदन करते हैं कि जनहित को देखते हुए शीघ्र ही ग्राम मंगरई में गौशाला निर्माण कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाए। इस दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेंशनर्स एशोसियेशन की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पेंशनर्स एसोसियेशन तहसील शाखा पटेरा की बैठक जगदीश चौबे जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला से उपस्थित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया गया। तहसील पटेरा के समस्त पेंशनर्स कर्मचारियों ने अपनी अपनी विभाग की लंबित समस्याओं से अवगत कराया जिनके निराकरण हेतू जिला अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया। बैठक में कुम्हारी को उपतहसील बनाकर पेंशनर्स इकाई का गठन करने पर सर्वसम्मति से विचार किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष मोहन ताम्रकार ने उपस्थित समस्त पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला से एस एस पाण्डेय उपाध्यक्ष, नरेन्द्र सेन महामंत्री, शंकर राय कोषाध्यक्ष एवं तहसील पटेरा से प्रकाश गुप्ता सचिव, महेश जैन महामंत्री, शब्बीर मुह कोषाध्यक्ष, रविशंकर रैकवार, प्रकाश गर्ग, राम मनोहर श्रीवास्तव, रामदुलारी सेन, कोमल सिंह, नन्नू राय, शिवप्रसाद परषोत्तम रैकवार आदि की उपस्थिति रही।

## पीएटी की नि:शुल्क कोचिंग का प्रथम टेस्ट संपन्न

**दमोह।** उपसंचालक कृषि जे. एल. प्रजापति ने बताया जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेष सहयोग से जिले में निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग उत्कृष्ट विद्यालय कृषि संकाय में संचालित की जा रही है। छात्रों की तैयारी हेतु आज 200 अंक का एक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रश्न भौतिकी विषय, 50 प्रश्न रसायन शास्त्र, 50 प्रश्न फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र के तथा 50 प्रश्न पशुपालन एवं कुक्कुट पालन इस प्रकार कल 200 अंक का प्रश्न पत्र का टेस्ट प्रातः 9:15 बजे से 12:15 बजे तक उत्कृष्ट विद्यालय के कृषि संकाय के दो कक्षों में लिया गया। उन्होंने बताया टेस्ट में प्रश्न विषय विशेषज्ञों से तैयार कराए गए तथा कृषि विभाग द्वारा उसका मुद्रण एवं ओ. एम. आर. शीट का मुद्रण कराया गया तथा परीक्षा शिक्षा विभाग के उच्च माध्यमिक शिक्षक डी. पी. कटारे, कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी प्रिया तिवारी, पिंकू अहिरवार एवं तकनीकी सहायक मनीष गोसाई के पर्यवेक्षण में संपादित किया गया। उन्होंने कहा जो छात्र इस टेस्ट में टॉप 5 में आएंगे उन सभी छात्रों को लगभग 1500 पेज के प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोर्स के नोट्स फ्री में उपलब्ध कराए जाएंगे।